सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 8 अंक : 333 | इंदौर, सोमवार 12 जून, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Manipur: शांति कोशिशों को झटका, इस नेता की वजह से कुकी नेताओं ने शांति समिति में शामिल होने से किया इनकार
2. बिपरजॉय का खतरा: उड़ानों पर पड़ी मौसम की मार, लोगों में रोष; सौराष्ट्र-कच्छ के छह जिलों में अलर्ट
3. Russian Oil: भारत को झटका! चीन के कहने के बाद पहली बार रूस ने पाकिस्तान को पहुंचाया कच्चा तेल
4. अमेरिका के फिलाडेल्फिया में ईंधन ले जा रहे टैंकर में लगी आग, गिर गया हाईवे पर बना फ्लाईओवर
5. PM Kisan Yojana: जल्द खत्म हो सकता है किसानों का इंतजार, जून के इस सप्ताह में जारी हो सकती है 14वीं किस्त
6. UP: कांग्रेस-BJP से समान दूरी रख अपनी राह तय करेगी सपा, लोहिया-मुलायम की प्रेरणा और अतीत से सबक ले बढ़ेगी आगे
7. Varanasi : जी-20 सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी का विशेष वीडियो संबोधन आज, भविष्य के विकास मॉडल पर होगी चर्चा

● चुनावी समर में हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में मिली हार के बाद ...

# मप्र में कोताही नहीं बरतना चाहती भाजपा

## नड्डा-शाह की क्लास में सीएम देंगे संघ के फीडबैक का हिसाब

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नई दिल्ली/ भोपाल।** हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में मिली हार के बाद भाजपा को अपना सबसे मजबूत गढ़ मप्र भी हाथ से छिटकता दिख रहा है। ऐसे में भाजपा हाईकमान किसी भी प्रकार की कोताही बरतना नहीं चाहता है। इसके लिए संघ को मोर्चे पर तैनात कर दिया गया है। संघ ने अभी हालही में हाईकमान को अपनी रिपोर्ट सौंपी है। जिसमें भाजपा की स्थिति खराब बताई गई है। इस दौरान प्रदेश में वर्चस्व की जंग और बगावत भी रुकने की बजाय और तेज होती जा रही है। जिसको लेकर हाईकमान गंभीर है और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पूरी रिपोर्ट के साथ तलब किया है। दरअसल, इस साल मप्र सहित पांच राज्यों के विधानसभाओं के साथ ही अगले साल की शुरूआत में देश में लोकसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में भाजपा ने भाजपा शासित सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उप-मुख्यमंत्रियों की बैठक बुलाई है। इस बैठक में गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, पार्टी के महासचिव बीएल संतोष और राज्य संगठनों के सचिव भी शामिल होंगे। भाजपा की इस बैठक को लेकर कई तरह की चर्चा है। सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर अचानक इस बैठक को बुलाने की क्या जरूरत पड़ी? इस बैठक में क्या-क्या हो सकता है?




### ● सबकी नजर मप्र पर

दिल्ली में भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की बैठक होगी। पार्टी के नेता का कहना है कि सभी मुख्यमंत्रियों और उप-मुख्यमंत्रियों को बैठक में पूरी तैयारी के साथ आने के लिए कहा गया है। पार्टी और संबंधित राज्य की सरकार के बीच तालमेल, सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार, आगामी लोकसभा चुनाव की रणनीति पर रिपोर्ट भी मांगी है। इस बैठक को लेकर सबकी नजर मप्र पर है। इसकी वजह यह है की मप्र में भाजपा सरकार और संगठन के बीच बड़ी खाई बन गई है। इस कारण भाजपा में जबरदस्त बगावत देखी जा रही है। इसकी कई रिपोर्ट हाईकमान तक पहुंच चुकी है। ऐसे में मप्र के बहाने भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व इस बात की पुष्टि कर लेना चाहता है कि जहां-जहां सरकार है, वहां पार्टी के अंदर सबकुछ ठीक चल रहा है या नहीं? कहीं ऐसा तो नहीं की लोकसभा चुनाव के नजदीक आते ही पार्टी के अंदर का कलह बाहर आने लगे और इससे नुकसान उठाना पड़ जाए।

### ● चुनाव से पहले बड़े बदलाव

भाजपा के एक राष्ट्रीय नेता के अनुसार, लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा शासित राज्यों की सरकार में बड़े बदलाव हो सकते हैं। हर जाति, क्षेत्र को प्रतिनिधित्व दिया जा सकता है। बड़े चेहरों को बड़ी जिम्मेदारियां भी दी जा सकती हैं। मप्र में यह बदलाव विधानसभा चुनाव से पहले होना है, ताकि एंटी इनकम्बेंसी, भितरघात और बगावत को कम किया जा सके। भाजपा सूत्रों का कहना है कि संघ ने सुझाव दिया है कि अगर प्रदेश में एंटी इनकम्बेंसी, भितरघात और बगावत से निपटना है तो सत्ता और संगठन दोनों का चेहरा बदलना होगा। इसलिए माना जा रहा है कि इस बैठक में हाईकमान बड़ा फैसला ले सकता है।

### ● पांच चेहरों पर हो चुकी है चर्चा-

सूत्रों का कहना है कि मप्र में सत्ता और संगठन में बदलाव की संभावनाओं को लेकर भाजपा के तीन शीर्ष नेताओं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष की बैठक के बीच चर्चा हो चुकी है। भाजपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी का कहना है की हाईकमान फिलहाल सीएम बदलने का जोखिम नहीं उठाना चाहेगा। फिर भी भावी सीएम और प्रदेश अध्यक्ष के लिए जिन नामों पर चर्चा की गई है उनमें नरेंद्र सिंह तोमर, कैलाश विजयवर्गीय, नरोत्तम मिश्रा, प्रहलाद पटेल और राजेंद्र शुक्ला शामिल हैं। इनमें से किसको सीएम और किसको अध्यक्ष बनाया जाएगा इसका कोई संकेत नहीं दिया गया है। जानकारों का कहना है कि सीएम के बारे में तो कुछ नहीं कह सकते, लेकिन प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा की जगह पहले अध्यक्ष रह चुके नरेंद्र सिंह तोमर या संगठन के जानकार कैलाश विजयवर्गीय को कमान दी जा सकती है। भाजपा ने तीन महीने पहले राजस्थान, बिहार सहित चार राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष बदले हैं, जबकि चुनावी राज्य छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष को आठ महीने पहले ही बदल दिया था। शर्मा का 3 साल का कार्यकाल इसी साल 15 फरवरी को पूरा हो चुका है। उनके एक्सटेंशन की कोई घोषणा अब तक नहीं हुई है। इससे पहले जिस राज्य में भी अध्यक्ष को एक्सटेंशन दिया, वहां इसकी घोषणा कर दी गई थी। बिना घोषणा के प्रदेश अध्यक्ष के इतने लंबे एक्सटेंशन का दूसरा उदाहरण नहीं है।

# निगम की आर्थिक सेहत को सुधारने के लिए महापौर ने उठाए कड़े कदम

## छोटे-छोटे आयोजनों में होने वाली फिजूलखर्ची पर रोक महापौर ने लगाई रोक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नगर निगम ने एक अहम् फैसला लिया है। इसके तहत निगम के होने वाले कार्यक्रमों में टेट तंबू के खर्च पर ब्रेक लगाने के साथ वार्ड स्तर पर किसी भी तरह के कार्यक्रम में स्वल्पाहार और खाने की व्यवस्था अब नहीं की जाएगी। इससे हर वर्ष निगम के लाखों-करोड़ों रुपए बचेंगे। वार्डों में विकास कार्यों के भूमिपूजन व लोकार्पण को लेकर रखे जाने वाले छोटे-छोटे कार्यक्रमों के जरिए होने वाली फिजूलखर्ची पर रोक महापौर ने लगाई है। उनके इस फैसले पर मेयर इन कौसिल (एमआइसी) के सदस्यों ने भी मुहर लगा दी है।**

शहर के 85 वार्डों में आए दिन कोई न कोई कार्यक्रम होता रहता है। चाहे वह विकास कार्य का भूमिपूजन व लोकार्पण हो या फिर सरकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए पार्षद की ओर से शिविर लगाना। इनके अलावा अन्य कोई न कोई कार्यक्रम होता रहता है। वार्ड में इन कार्यक्रमों के होने पर टेंट, कुर्सी, कूलर-पंखे, हार-फूल, गुलदस्ते और स्वल्पाहार व खाने की व्यवस्था निगम का परिषद कार्यालय करता है। इस पर हर वर्ष लाखों-करोड़ों रुपए खर्च हो जाते हैं, क्योंकि वार्डो में एक लाख रुपए से लेकर करोड़ों रुपए तक के होने वाले विकास कार्यों के भूमिपूजन- लोकार्पण व लोकार्पण को लेकर रखे जाने वाले छोटे-छोटे कार्यक्रमों के जरिए होने वाली फिजूलखर्ची पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने रोक लगा दी है। उनके इस फैसले पर मुहर दो दिन पहले हुई एमआइसी को बैठक में सदस्यों ने भी लगा दी है। इसके साथ ही खर्च को लेकर नीति का निर्धारण कर दिया गया है। इससे टेंट के खर्च पर ब्रेक लगाने के साथ वार्ड स्तर पर किसी भी तरह के कार्यक्रम में स्वल्पाहार और खाने की व्यवस्था अब नहीं की जाएगी।

### निगम ने यह की नीति निर्धारित

- एक करोड़ रुपए तक के विकास कार्यों के भूमिपूजन व लोकार्पण कार्यक्रमों के लिए टेंट. कुर्सी, कूलर-पंखे नहीं लगाए जाएंगे।
- 1 से 5 करोड़ रुपए तक के विकास कार्यों के भूमिपूजन और लोकार्पण कार्यक्रमों के लिए टेंट व अन्य व्यवस्थाओं पर सिर्फ 35 हजार रुपए तक खर्च होंगे।
- 5 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों के भूमिपूजन और लोकार्पण कार्यक्रम के लिए टैट व अन्य व्यवस्थाओं पर 50 हजार रुपए तक खर्च होंगे।
- सामाजिक संगठनों और संस्थाओं की मांग पर टेट नहीं लगाने के साथ अन्य किसी भी तरह की व्यवस्था नहीं की जाएगी। जरूरत होने पर अनुदान दिया जाएगा, लेकिन परिषद की मंजूरी के बाद ही अनुदान मिलेगा। इसके लिए कई तरह की शर्तें रहेंगी।
- वार्ड स्तर के किसी भी कार्यक्रम में अब निगम स्वल्पाहार और खाने की व्यवस्था नहीं करेगा।
- निगम की बिगड़ती माली हालत को देखते हुए पैसा बचाने के लिए महापौर भार्गव ने 1 लाख से 1 करोड़ रुपए तक के विकास (कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण एक ही जगह पर एकसाथ किया जाएगा। अभी 5 से 10 लाख रुपए के काम के लिए टेंट- तंबू लगाने के साथ अन्य व्यवस्थाओं पर 25 से 50 हजार रुपए तक खर्च हो जाते हैं।

# नार्वे के पूर्व मंत्री बोले- इंदौर से बहुत कुछ सीखा जा सकता है

- ट्रेंचिंग ग्राउंड स्थित बायो गैस प्लांट का किया निरीक्षण, डोर टू डोर कचरा संग्रहण के बारे में भी जाना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**इंदौर। नार्वे के पूर्व जलवायु एवं पर्यावरण मंत्री एरिक सोलहेम रविवार को इंदौर पहुंचे। उन्होंने कहा कि इंदौर की सफाई व्यवस्था ने मुझे प्रभावित किया है। एयरपोर्ट से रेसीडेंसी तक मुझे सड़क पर कचरा नहीं दिखा। यह सुंदर शहर है। इससे बहुत कुछ सीखा जा सकता है।**

एरिक रविवार सुबह इंदौर पहुंचे। महापौर पुष्यमित्र भार्गव से मुलाकात में उन्होंने पूछा कि आखिर क्या वजह है कि इंदौर लगातार छह वर्षों तक भारत का सबसे स्वच्छ शहर बना। महापौर ने उन्हें बताया कि शहर में स्वच्छता को जनआंदोलन बनाया गया है। नागरिकों के साथ-साथ यह निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों की वजह से ही हो सका है। 100 जगह बनाए जा रहे अहिल्या वन की जानकारी भी दी।

महापौर ने पूर्व मंत्री को पर्यावरण संरक्षण के तहत शहर में 100 से ज्यादा जगह बनाए जा रहे अहिल्या वन की जानकारी भी दी। उन्हें बताया गया कि इंदौर नगर निगम ने पर्यावरण संरक्षण को देखते हुए सोलर प्लांट के लिए ग्रीन बांड भी जारी किया है।

### ट्रेंचिंग ग्राउंड पर देखा सीएनजी गैस प्लांट

चर्चा में एरिक ने जाना कि किस प्रकार इंदौर में डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहनों से कचरा एकत्रित किया जाता है। इससे निकलने वाले वेस्ट का किस प्रकार से प्रबंधन होता है। एरिक सोलहेम ट्रेंचिंग ग्राउंड भी पहुंचे। उन्होंने बायो सीएनजी गैस प्लांट देखा। अधिकारियों ने उन्हें बताया कि किस प्रकार से कचरे से बायो सीएनजी गैस बनाई जा रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री इंटर्न के दस सदस्यों का दल भी उपस्थित था।

# 50 प्रतिशत कार्य पूरा न करने वाले ठेकेदारों पर होगी कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर । नगर निगम में ठेकेदारों पर नकेल कसी जा रहा है। इसके चलते 50 प्रतिशत कार्य पूर्ण न करने वाले ठेकेदारों पर कार्रवाई होगी। साथ ही ऐसे ठेकेदारों को टेंडर प्रक्रिया में शामिल भी नहीं होने दिया जाएगा।**

जनकार्य, जलकार्य, विद्युत, उद्यान और अन्य विभागों में कई ठेकेदार ऐसे हैं जो कि वर्कऑर्डर लेकर काम नहीं करते, तय समय में निर्माण पूरा नहीं करते और काम शुरू करके अधूरा छोड़ देते हैं। निगम ने बना ली है। इनमें से कई ठेकेदार ऐसे हैं जिन्होंने विगत 3 वर्षों में काम का ठेका तो लिया पर 50 प्रतिशत भी पूर्ण नहीं कर पाए हैं। इन ठेकेदारों पर कार्रवाई निगम करने जा रही है। इन पर पेनल्टी लगाने के साथ पुनः टेंडर प्रक्रिया में शामिल नहीं होने दिया जाएगा। मालूम हो कि दो दिन पहले हुई मेयर-इन- कौसिल (एमआइसी) की बैठक में भी ठेकेदारों के काम न करने का मुद्दा जनकार्य प्रभारी राजेंद्र राठौर ने उठाया था। इस पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव और निगमायुक्त हर्षिका सिंह ने तय कर लिया है कि काम का ठेका लेकर काम न करने और काम शुरू करके पूरा न करने वाले ठेकेदारों को निगम के बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। इसके चलते वर्कऑर्डर लेकर काम न करने, तय समय में निर्माण पूरा नहीं करने और काम शुरू करके अधूरा छोड़ने वाले ठेकेदारों की सूची बन रही हैं। इसके बाद ठेकेदारों पर कार्रवाई होगी।




© www.detectivegroupreport.com

# श्री कुवाल को कांग्रेस के बाद अब समाज में भी राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष की बड़ी जवाबदारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। अखिल भारतीय बैरवा महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक नई दिल्ली गढ़वाल भवन झण्डेवालन में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अखिल भारतीय बैरवा महासभा का राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष श्री फूलसिंह कुवाल की नियुक्ति किया गया।

राष्ट्रीय के सभी पदाधिकारीगण, कार्यकारिणी सदस्यगण, प्रान्तीय अध्यक्ष / प्रान्तीय महामंत्री एव विशेष आमन्त्रित सदस्यगण सहित अन्य प्रदेशों के सदस्यगण उपस्थित थे। बैठक में अखिल भारतीय बैरवा महासभा के स्तम्भ और वरिष्ठ उपाध्यक्ष आदरणीय श्री रामलाल बरूआ जी कि अध्यक्षता मे बैठक का शुभारंभ हुआ।

बैठक में राष्ट्रीय स्तर पर संगठन को गतिमान बनाए रखने हेतु बैरवा महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री रामलाल बरूआ जी ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्री फूलसिंह कुवाल जी का नाम अखिल भारतीय बैरवा महासभा के कार्यवाहक राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए नाम का प्रस्ताव



रखा जिसे राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य श्री रामकरण गोठवाल जी ने उसका अनुमोदन किया जिसे वह उपस्थित सभी प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति ने समर्थन किया। विधिवत घोषणा श्री रामलाल बरूआ जी के द्वारा की गई।

माननीय राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष श्री कुवाल ने शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करने के उपरान्त राष्ट्रीय महामंत्री रतनलाल बैरवा ने श्री फूलसिंह कुवाल जी को कार्यवाहक राष्ट्रीय अध्यक्ष पद ग्रहण करवाया। उपस्थित सभी प्रतिनिधियों ने बहुत ही हर्ष उल्लासपूर्ण से श्री कुवाल का फूल मालाओं से स्वागत किया गया तथा हार्दिक शुभकामनाएं दी।

बैठक में दिल्ली सहित अन्य प्रदेश के उपस्थित बैरवा महासभा के प्रतिनिधियों में प्रमुख ' महारथीयों ' में वरिष्ट सलाहकारों में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य ओ.पी. बैंडवाल जी,श्री रामकरण गोठवाल जी,श्री कमल बैरवा (इन्दौर), राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री कैलाश चन्द बैरवा,राष्ट्रीय महामंत्री रतनलाल बैरवा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री ओमप्रकाश नागरवाल राष्ट्रीय मिडिया प्रभारी श्री रुपेश लोदवाल सहित अन्य प्रतिनिधि गण भी उपस्थित हुए। यह जानकारी राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी श्री रूपेश लोदवाल जी द्वारा दी गई है।

# मालवा-निमाड़ में ग्रीष्मकाल में बिजली आपूर्ति का रिकॉर्ड

## ●इन्दौर जिले में 1.77 करोड़ यूनिट दैनिक बिजली वितरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर**। भीषण गर्मी के दौरान आबादी क्षेत्रों में बिजली की मांग ने ही रिकॉर्ड तोड़े हैं। पिछले 24 घंटों में मालवा निमाड़ में 8.56 करोड़ यूनिट बिजली का रिकार्ड तोड़ वितरण किया गया है। यह पिछले वर्ष समान अवधि से लगभग आठ प्रतिशत ज्यादा है। इन्दौर जिले में ही पौन दो करोड़ यूनिट से ज्यादा बिजली का वितरण किया गया है। मप्रपविविक्षेकं के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने बताया कि ग्रीष्मकाल में पेयजल स्त्रोत व अस्पतालों की बिजली वितरण पर विशेष ध्यान दिया गया है। सभी 15 जिलों के अधीक्षण यंत्रियों को कृषि क्षेत्रों के लिए 10 घंटे दैनिक और अन्य क्षेत्रों के लिए 24 घंटे बिजली वितरण के आदेश हैं। उन्होंने बताया कि पिछले 24 घंटे में सभी 15 जिलों में बिजली वितरण गत वर्ष समान अवधि से साढ़े सात फीसदी ज्यादा हुआ है। इन्दौर शहर में 1 करोड़ 28 लाख यूनिट, इन्दौर जिले में 1 करोड़ 77 लाख यूनिट बिजली वितरित की गई है। इसी तरह धार जिले में लगभग 1 करोड़ 38 लाख यूनिट, रतलाम जिले में 46 लाख यूनिट, उज्जैन जिले में 74 लाख यूनिट, देवास जिले में 61 लाख यूनिट बिजली का वितरण हुआ है। श्री तोमर ने बताया कि जून के 10 दिनों में लगभग 82 करोड़ यूनिट बिजली का कम्पनी क्षेत्रों में वितरण किया गया है।

# प्रकृति के अनुकूल घरों का निर्माण है जरूरी

## आईआईआईडी के ज्ञानाजर्न में स्टूडेंट्स ने एक्सपट्र्स से जाना पर्यावरण सहेजने के तरीके

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **पौधे लगाना, नई तकनीक इस्तेमाल करना, प्राकृतिक रौशनी और हवा का ख़्याल रखना तो एक डिजाइन के लिए आधारभूत है, लेकिन पर्यावरण हितैषी होने का सही अर्थ है कि घरों के निर्माण में ज्यादा से ज्यादा नेचर फ्रैंडली वस्तुओं का उपयोग करना। निर्माण में जितने सादगी होगी वो भविष्य के लिए उतना ही उपयोगी और लंबे समय तक चलने वाला हो।**

यह बात इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन इंटीरियर डिजाइनर्स (आईआईआईडी) द्वारा आयोजित कार्यक्रम ह्यज्ञानाजर्न में पुणे से आए प्रोफेशनल आर्किटेक्ट्स ने ड्राइंग पैरलल विषय पर कही। एक्सपर्ट रंजीत वाघ और अंबर डार वाघ ने कहा कि यदि हमें चार लोगों के लिए घर बनाना है और क्लाइंट की मांग बीस हजार स्क्वेयर फुट की कंस्ट्रक्शन प्लानिंग की है तो हमे उनको गाइड करना चाहिए की इस प्लानिंग में गार्डन, लोकल पथरों का प्रयोग और एक सुकून देने वाला इंटीरियर हो जिससे घर कंक्रीट के दीवार के बजाए पर्यावरण से घिरी खूबसूरत प्लानिंग नजर आए।

### कश्मीर में लकड़ी और केरल में लाल पत्थर इस्तेमाल

अंबर ने बताया डिजाइन करते समय जगह और स्थानीय सामग्री का ही इस्तेमाल होना चाहिए। ताकि डिजाइन देखकर उस जगह से रिश्ता दिखाई दे। जब हम केरल के लिए डिजाइन तैयार करेंगें तो लाल पत्थर ही प्राथमिकता होगी यह वातावरण के लिए भी सही होगा साथ ही क्लाइंट के लिए बजट फ्रेंडली और आसानी से उपलब्ध होगा। जबकि कश्मीर में हम लकड़ी और उस पर नक्काशी का इस्तेमाल करेंगे जो स्थानीय संस्कृति और उपलब्धता के लिहाज से सही है यहाँ डिजाइन में खुलापन कम होगा ताकि ठंड से बचाव हो सके।



आज ही अपनी जानकारी सबमिट करे www.detectivegroup.in पर
Whatsapp us on +91-91110 50101

# गोविंद सिंह बोले-रावण के 100 पुत्र, संघ के 200

## नेता प्रतिपक्ष ने संघ को बताया षड्यंत्रकारी संगठन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश के नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के सीनियर लीडर डॉ. गोविंद सिंह ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तुलना रावण से की है। संघ को षड्यंत्रकारी संगठन बताते हुए उन्होंने कहा- हम पहले ही कहते रहे हैं कि संघ, भारतीय जनता पार्टी का पितृ पुरुष (पूर्वज) है। रावण के 100 पुत्र थे, संघ के 150-200 पुत्र हैं।**

नेता प्रतिपक्ष ने रविवार को भोपाल में अपने आवास पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, ह्वसंघ का नाम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नहीं, राष्ट्रीय षड्यंत्रकारी संगठन है। ये षड्यंत्र रचने का काम करता है। भाई-भाई को लड़ाने का काम करता है। धार्मिक उन्माद फैलाने का काम करता है। इसे अंग्रेजी में कहा जाता है संघ। इसका सही नाम है रूमर स्प्रेडिंग सोसाइटी।

### प्रियंका के दौरे को लेकर घबरा गए शिवराज

जबलपुर में 12 जून को प्रियंका गांधी का दौरा प्रस्तावित है। इसकी तैयारियों के सवाल पर नेता प्रतिपक्ष ने कहा- प्रियंका गांधी में देश के लोग इंदिरा गांधी की तस्वीर देख रहे हैं। प्रियंका के आने से हमारे मुख्यमंत्री इतने थर्रा चुके हैं कि उन्होंने जबलपुर जाकर ह्वलाड़ली बहना योजना चालू की।

उन्होंने जबलपुर जाकर अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि आप पूरी ताकत के साथ प्रियंका गांधी की सभा को असफल कीजिए। गाडिय़ां न मिल पाएं। सारी परमिट वाली गाडिय़ां चलें, ताकि कांग्रेस के कार्यकर्ता प्रियंका गांधी की सभा में शिरकत न कर पाएं। शिवराज सिंह चौहान ने संस्कारधानी में असंस्कारित कार्य किया है।

### झूठ बोलने में शिवराज सिंह को गोल्ड मेडल मिल जाएगा

मुख्यमंत्री द्वारा लाड़ली बहना योजना की राशि एक हजार से बढ़ाकर 3 हजार रुपए किए जाने की घोषणा पर नेता प्रतिपक्ष ने कहा- उन्होंने अपने कार्यकाल में 30 से 35 हजार घोषणाएं की हैं। अगर असत्य बोलने में, झूठ बोलने में विश्व में कोई प्रतियोगिता हो जाए, तो शिवराज सिंह को गोल्ड मेडल मिल जाएगा। अभी 3 हजार रुपए क्यों नहीं डाले?

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को चार-पांच महीने से सैलरी नहीं मिली। रसोइया का काम करने वालों को सालभर से भुगतान नहीं हुआ। साढ़े तीन हजार करोड़ का कर्जा मध्यप्रदेश पर लाद दिया। अब हर महीने 50 हजार करोड़ महिलाओं को देने के लिए कहां से लाएंगे?

● सुसाइड से पहले किसान का आखिरी वीडियो

# 40 लाख रुपए कर्ज था, रोते हुए बोला- जमीन बेचकर सारा कर्जा चुका देना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**हरदा**। हरदा जिले में 7 जून को एक किसान ने जहर खा लिया था। उसकी मौत के बाद एक वीडियो सामने आया है, जिसमें उन्होंने साहूकारों के नाम बताए हैं। ह्व2 एकड़ जमीन बेचकर सब कर्ज चुका देना। बेटों, मैं तुम्हारे लिए कुछ नहीं कर पाया। वीडियो में इतना कहकर हरदा के एक किसान ने जहर खा लिया। उसने साहूकारों पर परेशान करने का आरोप लगाया। रविवार को जब परिजनों ने किसान का मोबाइल देखा तो उसमें वीडियो मिला। एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें किसान ने कर्जदारों के नाम और मोबाइल नंबर लिखे हैं।

हरदा जिले के डगावा शंकर गांव में किसान राजेश पिता लक्ष्मीनारायण करोड़े (44) ने 7 जून को सल्फास खा लिया था। पहले उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हालत में सुधार नहीं होने पर किसान को निजी अस्पताल ले जाया गया। शुक्रवार को तबीयत ज्यादा बिगडऩे पर फिर जिला अस्पताल लाया गया, जहां दोपहर 12 बजे किसान की मौत हो गई।

किसान के बेटे वीरेंद्र करोड़े ने बताया कि पिता पर करीब 40 लाख रुपए कर्ज था। कर्ज चुकाने पिताजी ने पैतृक 10 एकड़ जमीन भी बेच दी थी। इसके बावजूद साहूकारों का हिसाब नहीं हो पाया था। वे रोजाना तकादा कर रहे थे। इससे ही परेशान होकर पिता ने यह कदम उठाया है।

**रोते हुए बनाया वीडियो, बोला-सब कर्ज चुका देना-** 2 मिनट 18 सेकंड के वीडियो में किसान राजेश करोड़े कह रहा है, किशोर भैया का एक लाख, चिंता जीजी का 60 हजार, मीरा को 80 हजार, बुद्धिलाल को 4 लाख 50 हजार, दाई मामा को 50 हजार, मम्मू तार को एक लाख रुपए, भरत को 80 हजार (मूल दे दिया ब्याज बाकी), प्रकाश सोमानी का 2 लाख 30 हजार, अशोक साहू को 24 लाख 50 हजार रुपए ब्याज सहित देना है। 2 एकड़ जमीन उसके नाम कर देना। जमीन बड़े पापाजी को दे देना। इतना कहते ही किसान रोने लगता है। इसके बाद आंसू पोंछकर फिर कैमरे के सामने आता है और कहता है कि 2 एकड़ 20 डिस्मिल...(रोते हुए) सब कर्जा दे देना। बेटों तुम्हारे लिए मैं कुछ नहीं कर पाया।

### ● कांग्रेस नेता पहुंचे किसान के घर

किसान की मौत के बाद शनिवार सुबह किसान कांग्रेस के पदाधिकारियों ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की थी। इस दौरान किसान कांग्रेस ने पीड़ित परिवार को तीन दिन में 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि देने का भरोसा दिया है। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेशाध्यक्ष हेमंत टाले और किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहन विश्नोई ने कहा कि एसपी से मुलाकात कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग करेंगे।

## नर्मदा में 7 बच्चों को नाविकों ने डूबने से बचाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा**। नर्मदा नदी में अचानक जलस्तर बढऩे से घाटों पर स्नान कर रहे श्रद्धालुओं की जान खतरे में आ गई। मोरटक्का के खेड़ीघाट पर सात बच्चे स्नान कर रहे थे। जलस्तर बढऩे से बच्चों ने ऊंचे पत्थर का सहारा ले लिया लेकिन वे फंस गए। नाविक लोग भी धाराप्रवाह पानी में नाव ले जाने से डरते रहे। नाविकों ने हिम्मत जुटाई और बच्चों का रेस्क्यू किया। उन्हें सकुशल बाहर निकाला। सातों बच्चे मोरघड़ी गांव के है। जो कि अक्सर रूपए, नारियल बिनने और स्नान के लिए टोली बनाकर आते है। मोरटक्का में नर्मदा नदी में नहाने गए 7 बच्चें पानी बढ़ जाने के कारण बीच नर्मदा नदी में फंस गए थे। दो बच्चें तैरकर किनारे पर आ गए लेकिन पांच बच्चों ने पत्थरों का सहारा ले रखा था। फंसे बच्चों को देख एक ग्रामीण ने गांव के युवकों को फोन लगाया।

# छिंदवाड़ा में पार्षद उपचुनाव में विधानसभा इलेक्शन जैसा प्रचार

## कमलनाथ को भावी सीएम बताकर कांग्रेस मांग रही वोट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा**। छिंदवाड़ा का गुलाबरा इलाका। पूरा क्षेत्र कांग्रेस-भाजपा के पोस्टर-बैनर से पटा है। भाजपा के पोस्टर-बैनर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान दिख रहे हैं, तो दिन-रात घूम रहे कांग्रेस के प्रचार वाहन में कमलनाथ का नाम गूंज रहा है। यह सब हो रहा है एक वार्ड के उपचुनाव के लिए, लेकिन शोर विधानसभा चुनाव जैसा है। छिंदवाड़ा नगर निगम के वार्ड 42 में 13 जून को वोटिंग होगी। प्रचार के आखिरी दिनों में दोनों पार्टियों ने वोटरों को रिझाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी। दोनों तरफ से पूर्व मंत्री, विधायक मैदान में भरी दुपहरी में वोट मांगने घर-घर जा रहे हैं। दरअसल, दोनों पार्टियों के नेता मान रहे हैं कि यहां के वार्ड की हार-जीत भी कहीं मुद्दा न बन जाए। रिजल्ट 16 जून को आएगा। दरअसल, 16 नवंबर 2022 को छिंदवाड़ा नगर निगम के वार्ड 42 से निर्दलीय पार्षद राजेश भोयर ने घर में फांसी लगा ली थी।

### ओंकारेश्वर में तीर्थकर वसूल रही सरकार

# खंडवा के परिवार को ठेकाकर्मियों ने पीटा, सीसीटीवी फुटेज से आरोपी बनाएगी पुलिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा**। सिस्टम को मानो लकवा मार गया हो। हम ऐसा इसलिए कह रहे है कि, मुगल साम्राज्य में अकबर ने हिंदूओं के धार्मिक स्थलों से जिस तीर्थकर के वसूलने पर पाबंदी लगाई थी। वह तीर्थकर आजाद भारत में मध्यप्रदेश सरकार की नगरीय निकाय द्वारा तीर्थनगरी ओंकारेश्वर में वसूला जा रहा है। बारह ज्योर्तिलिंग में शामिल ओंकारेश्वर ज्योर्तिलिंग के दर्शन के लिए देश-विदेश से श्रद्धालु आते है।

रविवार को खंडवा के एक परिवार से ठेकाकर्मियों ने तीर्थकर मांगा। परिवार के सदस्य महेंद्र शुक्ला ने कहा- नगद राशि नहीं है, ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कर देते है। इसी बात पर विवाद हुआ और गुंडों की गैंग ने हमला कर दिया। श्रद्धालु परिवार के चार लोग घायल है। मामले में ओंकारेश्वर पुलिस से शिकायत की गई है। पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के जरिये नामजद आरोपी बनाएं जाने की बात कहीं है।

ओंकारेश्वर नगरी में प्रवेश के बाद ही नाका लगाकर तीर्थकर वसूला जाता है। प्रत्येक वाहन से 30 से 50 और 100 रूपए तक लिए जाते है। यह वसूली ठेकेदार के जरिये होती है। जो कि सत्ताधारी पार्टी का खास होता है। रही बात प्रशासन के हस्तक्षेप की तो राजस्व के आगे कलेक्टर और एसपी भी खामोश बैठे हुए है। मिली जानकारी के मुताबिक, इस साल तीर्थकर वसूली का ठेका एक करोड़ रूपए से अधिक में नीलाम हुआ है।

ठेकेदार के लोगों ने श्रद्धालुओं के साथ लात-घुसे और ल_ से मारपीट की। विवाद में श्रद्धालु की सोने की चेन, 15 हजार रुपए नगद गायब हो गए। श्रद्धालु विजेंद्र शुक्ला, महेंद्र शुक्ला, आदित्य शुक्ला ने पुलिस पर संरक्षण देने का लगाया।

# जीवित बेटी का पिंडदान और मृत्युभोज

## अयाज से शादी पर युवती की मां बोली- उसने हमारा सिर झुकाया, वो हमारे लिए मर गई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर**। जबलपुर में बेटी के लव मैरिज करने से आहत परिवार ने उसका पिंडदान कर दिया। मृत्युभोज भी कराया। उसकी मां का कहना है कि बेटी ने समाज में हमारी इज्जत की धज्जियां उड़ाई हैं। हमारे लिए अब वह मर गई है। हमने ग्वारीघाट के सिद्धघाट पर उसका पिंडदान और मृत्युभोज कार्यक्रम कर दिया है। दरअसल, शहर के अमखेरा की रहने वाली 22 साल की युवती ने मोहम्मद अयाज (25) से शादी कर ली है। दस दिन पहले शादी के वलीमे (रिसेप्शन) का कार्ड भी सामने आया था। कार्ड में युवती का नाम उजमा फातिमा लिखा है। इस शादी से नाराज परिजन ने युवती को मरा घोषित कर दिया। परिवार वालों ने जीवित बेटी की मौत की सूचना रिश्तेदारों और समाज के लोगों को देने के लिए शोक संदेश कार्ड छपवाया। कार्ड में उसकी मौत 2 अप्रैल को होना बताया है।






### एसपी ऑफिस के बाहर किया था प्रदर्शन-

अयाज और युवती ने जनवरी में शादी कर ली थी। मैरिज सर्टिफिकेट में तारीख 4 जनवरी 2023 दर्ज है। अपर कलेक्टर विमलेश सिंह के मुताबिक, लड़की और लड़के के परिजन को विवाह के रजिस्ट्रेशन से पहले सूचना दी गई थी। थाने में भी सूचित किया गया था। युवती के परिजन और हिंदूवादी संगठन के नेताओं ने एसपी ऑफिस के बाहर प्रदर्शन करते हुए इसे लव जिहाद बताया था।

### मां ने कहा- बेटी हमेशा के लिए मर गई

युवती की मां ने कहा, ह्वबेटी ने झूठ बोला है कि उसकी शादी हमने कराई है। शादी में दहेज दिया है। मैं उसके इस कदम से दुखी हूं। उसके पापा सदमे में हैं। उसने मुसलमान से शादी की है, इसका हम लोगों को पता ही नहीं था। 2 जनवरी को जब वह घर से गई, तब पता चला। वह घर से क्या लेकर गई और क्या लेकर नहीं गई? हमें इस बारे में भी पता नहीं है।

### भाई ने कहा- सोचा था, कन्यादान करेंगे; पिंडदान करना पड़ा-

युवती के भाई ने कहा- हमने मेरी सबसे छोटी बहन का पिंडदान किया है। हमने सोचा था कि उसका कन्यादान करेंगे, लेकिन पिंडदान करना पड़ा। उसके शादी करने के फैसले से माता-पिता समेत पूरा परिवार दुखी है। जो होता है, अच्छे के लिए होता है।




## संसार छुड़ा दे वो गुरु नहीं। संसार का सार समझा दे वो गुरु।

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## व्यक्तित्व विशेष

### गोपीनाथ कविराज



**(जन्म:7 सितम्बर 1887 - मृत्यु: 12 जून 1976)** संस्कृत के विद्वान और महान दार्शनिक थे। इनके पिताजी का नाम वैकुण्ठनाथ बागची था। योग और तंत्र के प्रकांड विद्वान डॉ. गोपीनाथ कविराज का जन्म 7 सितम्बर 1887 ई. में ढाका (अब बंगलादेश में) ज़िले के एक गाँव में हुआ था। बचपन में ही माता-पिता का देहांत हो जाने के कारण उनका पालन-पोषण मामा ने किया। उनकी शिक्षा ढाका, कोलकाता, जयपुर और वाराणसी में हुई। सर्वत्र उन्हें छात्रवृत्ति मिलती रही। वाराणसी के क्वींस कॉलेज में संस्कृत में एम.ए. का अध्ययन करते समय उनका आचार्य नरेंद्र देव से परिचय हुआ था। संस्कृत और अंग्रेज़ी के प्रति उनकी रुचि आरम्भ से ही थी। जयपुर के प्रवास काल में उन्होंने वहाँ के समृद्ध पुस्तकालयों का भरपूर लाभ उठाया।

## संपादकीय

### किसका हित पूरा होगा ...?

केंद्रीय गृहमंत्री के प्रभावित इलाकों के दौरे से लौटने के बाद भी आगजनी और हिंसा की कई घटनाएं हुईं। सवाल है कि अगर हिंसा और अराजकता की यह स्थिति बनी रही तो इससे किसका हित पूरा होगा? आखिर किसी मांग को लेकर आंदोलन करने वाले या फिर हिंसा से प्रभावित सभी पक्ष मसले का हल ही चाहते होंगे। यह समझना मुश्किल है कि मणिपुर की हिंसा के जरिए किसी भी समूह को हासिल क्या होगा, लेकिन इतना तय है कि सरकार के सामने फिलहाल मुख्य चुनौती ऐसे तत्वों की पहचान करने और उन्हें रोकने की है, जो शांति की राह में सुनियोजित तरीके से अड़चनें पैदा कर रहे हैं। मणिपुर में पहले ही कुकी और मैतेई समुदाय के बीच हिंसा थम नहीं रही है और इससे निपटने में सरकार को कई तरह की मुश्किलें पेश आ रही हैं। लेकिन शुक्रवार को एक बार फिर राजधानी इंफल में वेस्ट जिले के एक गांव में जो घटना हुई है, उससे हालात और बिगडने की आशंका पैदा हुई है। गौरतलब है कि वहां सुरक्षाकर्मियों के वेश में आए कुछ उग्रवादियों ने तलाशी अभियान के बहाने तीन लोगों को उनके घर से बाहर बुलाया और गोली मार कर उनकी हत्या कर दी। जिस समय राज्य में प्राथमिक जरूरत शांति स्थापित करना है और उसके लिए शुरू की गई प्रक्रिया में सभी संबंधित पक्षों को सक्रिय होकर भागीदारी करनी चाहिए, वैसे में इस तरह की हिंसा और हत्या की एक घटना सुधरती स्थिति को फिर से बिगाड़ सकती है। सवाल है कि अगर अधिकारियों का शक सही है कि हिंसा की इस घटना में मैतेई समुदाय के लोग शामिल हैं, तो यह समझने की जरूरत है कि मौजूदा विवाद में वे एक मुख्य पक्ष हैं और अगर किसी की ओर से भी शांति की कोशिशें बाधित होंगी तो हालात कैसे होंगे। खासतौर पर ऐसी स्थिति में, जबकि इससे पहले भी हत्या और हिंसा की लगातार घटनाओं ने जातीय टकराव को और तीखा ही किया है। यों मणिपुर में जिस स्तर पर हिंसा फैली, वह किसी साजिश का भी परिणाम हो सकती है। मणिपुर में मैतेई समुदाय को अनुसूचित जाति का दर्जा देने की मांग के खिलाफ पिछले महीने की शुरुआत में पर्वतीय जिलों में 'आदिवासी एकजुटता जुलूस के आयोजन के बाद हिंसा फैल गई थी, जिसमें अब तक करीब सौ लोगों की जान जा चुकी है और कई सौ घायल हो चुके हैं। इसके अलावा, हजारों लोगों को विस्थापित होना पड़ा है।

### अर्ज़ किया है..!

*तेरा हर राज़ छुपाए*
*हुए बैठा है कोई*
*ख़ुद को दीवाना बनाए*
*हुए बैठा है कोई*

*-अख़्तर सिद्दीक़ी*

## सैर सपाटा

# मालदीव या अंडमान?

## जानिए हनीमून के लिए बेस्ट प्लेस



शादी के बाद हनीमून पर जाना जरुरी माना जाता है। हनीमून के दौरान आप अपने पार्टनर को ज्यादा समझते हैं। ये एक ऐसा ट्रिप होता है जो हर किसी को लाइफटाइम याद रहता है। हनीमून के लिए ज्यादातर कपल्स समुद्री जगह को चुनते हैं। खासकर कुछ ऐसी जगह हैं जहां पर लोग हनीमून के लिए जाना पसंद करते हैं, इनमें अंडमान और मालदीव शामिल है। वैसे तो ये दोनों जगह बेस्ट हैं लेकिन अगर आप इस कंफ्यूजन में हैं कि दोनों में से कौन सी बेहतर है, तो यहां जानिए।

### ● किस समय पर जाएं?

अगर आप मालदीव जा रहे हैं तो यहां जाने का सबसे अच्छा समय नवंबर से अप्रैल का है। वहीं अगर आप अंडमान जाना चाहते हैं तो यहां जाने का सबसे अच्छा समय अक्टूबर से मई का है। मानसून के दौरान यहां जाने से बचना चाहिए।

### कहां हैं घूमने की अच्छी जगह

#### अंडमान

अंडमान अपने शांत समुद्र तटों और शांतिपूर्ण जगह के लिए जानी जाती है। यहां घूमने के लिए आपको काफी सारी जगह मिल जाएंगी। इन जगहों में पोर्ट ब्लेयर, हैवलॉक द्वीप समूह, बाराटांग द्वीप, नील द्वीप, रॉस द्वीप, रंगत और द ग्रेट निकोबार द्वीप शामिल है।

#### मालदीव

मालदीव में ठहरने के लिए बेहद खूबसूरत रिसॉर्ट्स हैं। बारोस द्वीप, कोमो कोको द्वीप, हुवाहेंधू द्वीप, बायोल्यूमिनसेंट बीच और मालदीव विजय में आप घूमने के लिए जा सकते हैं।

### कितना होगा खर्चा

अंडमान में चार से पांच दिनों की यात्रा के लिए आपका खर्चा करीब 35 से 40 हजार में निपट सकता है। अगर आप लग्जरी रूम बूक करते हैं तो खर्चा बढ़ सकता है। वहीं मालदीव में आप बजट यात्रा कर रहे हैं तो किसी बजट होटल को चुन सकते हैं। अगर आप सभी काम बजट में रहकर करते हैं तो यहां का खर्चा 40 हजार रुपये तक में निपट सकता है।

### दोनों में कौन सी बेहतर

वैसे तो ये दोनों समुद्री जगह हैं, लेकिन आप अपनी चॉइस और बजट के मुताबिक दोनों में से एक को चुन सकते हैं।

## Highlights

1. All schools to stay shut from today till June 14 in Jharkhand
2. Alert issued as Biparjoy likely to make landfall in Guj on June 15
3. IIT students pursuing non-engineering jobs is a waste of resources: IIT-M director
4. Video shows moments after pillar collapse that killed 24-yr-old model in Noida
5. 'Delhi-Mumbai air fares crossing 15,000 everyday,' says Venugopal; Scindia responds
6. 13 people stabbed, shot or hit by cars at huge street party for students in New York

# Mortgage firm Better.com, which fired employees over Zoom call, undertakes fresh layoffs: Reports

**NEW DEIHI, (Agency).** American online mortgage firm Better.com, which laid off 900 employees over a Zoom call in December 2021, has reportedly undertaken a fresh round of job cuts, terminating the entire real estate team, and has shut down the unit.

The layoffs were carried out as the company is looking to move from an 'in-house agent' model to a 'partnership agent' one.

### 'Little to no severance paid'

According to reports, there is no clarity yet on the number of people who were working in the real estate division. An employee who got laid off in this round, however, revealed Better.com gave 'little to no severance' to those relieved, adding that he himself was subjected to a 50% pay cut in November last year.



Also, in May 2022, the organisation founded by Indian-American entrepreneur Vishal Garg (who is also the CEO) asked staffers to resign voluntarily, and close to 920 resignations were accepted later.

'Thousands of' employees laid off

Better.com has carried out multiple rounds of layoffs before the latest one, with the fourth round taking place in August 2022. Till now, around 4,000 people have been handed pink slips.

### Better.com-Amazon deal

In March, the company entered into a deal with Amazon under which those working for the e-commerce giant were allowed to use their vested equity as a collateral for down payment to buy homes.

"Even though equity is a valuable asset, most banks consider it ineligible when calculating the necessary downpayment on a home," Garg said at the time.

# Citigroup to slash 50 more jobs three months after mass layoffs: Report

**NEW DEIHI, (Agency).** Citigroup Inc. is planning to cut 30 investment banking jobs and 20 more in its corporate banking unit in London in its latest wave of redundancies.

The cuts are necessary for the bank to reduce its cost base because of adverse market conditions, according to a person within the bank, who isn't authorized to speak publicly. Financial News reported the layoffs earlier.

Citi is also dismantling its




global team that provides commentary and analysis on foreign-exchange markets, with departures in both London and New York as well as its Latin America corporate bond trading team, Bloomberg News reported separately Thursday.

Wall Street's investment banks continue to face a muted environment for dealmaking as macro-economic concerns and tumultuous markets constrain mergers and acquisitions. Citi began cutting hundreds of jobs across the company earlier this year, with the Wall Street giant's investment banking division among those affected, Bloomberg reported in early March.

A Citi spokesperson declined to say whether the latest cuts are part of those reported on by Bloomberg in March.

The cuts amount to less than 1% of Citi's 240,000-person workforce, people familiar with the matter said at the time. Staffers across the firm's operations and technology organization and US mortgage-underwriting arm were also among those being affected, with the routine cuts part of Citigroup's normal business planning, the people said.

New Delhi

# प्रचंड गर्मी के साथ-साथ उत्तर भारत में अब धूल भरी आंधी... बारिश के नहीं आसार, बढ़ा मॉनसून का इंतजार

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** उत्तर भारत में सूरज की तपिश और गर्मी का कहर जारी है. वहीं, दक्षिण पश्चिम मॉनसून केरल और तमिलनाडु के बाद अब पश्चिम बंगाल में भी दस्तक दे चुका है. जिसकी वजह से राज्य के कई जिलों में बारिश होने की संभावना है. हालांकि, मॉनसून का प्रभाव बंगाल के उत्तरी हिस्से तक सीमित रहेगा. राज्य के अन्य हिस्सों को मॉनसून के लिए अभी इंतजार करना पड़ सकता है. वहीं, बिहार, राजस्थान समेत कई राज्यों में भीषण गर्मी के बीच हीटवेव की स्थिति बनी हुई है.



मौसम विभाग के मुताबिक, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान के कुछ हिस्सों में धूल भरी आंधी चलने की संभावना है. आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और झारखंड, ओडिशा, गंगीय पश्चिम बंगाल में कुछ स्थानों पर और मध्य प्रदेश में 1 या 2 स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है.

देश के तटीय इलाके में बिपरजॉय चक्रवात का खतरा नजर आ रहा है. मौसम विभाग के अनुसार, महाराष्ट्र और गुजरात तट पर तेज हवाएं चल सकती हैं. गुजरात और महाराष्ट्र तट पर समुद्र में ऊंची लहरें उठ सकती हैं. बारिश की गतिविधियां गुजरात के दक्षिणी तट पर शुरू होने की उम्मीद है और धीरे-धीरे तेज हो सकती है.

मौसम विभाग की मानें नई दिल्ली में अधिकतम तापमान 40 डिग्री के ऊपर ही दर्ज किया जाएगा. फिलहाल, लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिलेगी.

Noida

# नोएडा में फैशन शो के दौरान हादसा, लाइटिंग ट्रस गिरने से 24 साल की मॉडल की मौत



**नोएडा, (एजेंसी) दिल्ली से सटे नोएडा के सेक्टर-20 थाना क्षेत्र में फिल्म सिटी स्थित एक स्टूडियो में फैशन शो के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया. कार्यक्रम के दौरान लाइटिंग ट्रस (लोहे का जालनुमा खंभा) गिरने से एक मॉडल की मौत हो गई, जबकि एक युवक घायल हो गया. हादसे की सूचना पर पुलिस पहुंची और शो के आयोजनकर्ता और लाइटिंग ट्रस को लगाने वाले से पूछताछ की.**

जानकारी के मुताबिक, रविवार दोपहर करीब 1.30 बजे फिल्म सिटी के एक स्टूडियो में फैशन शो कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा था. इस दौरान अचानक लाइटिंग ट्रस गिर गया और मॉडलिंग के लिए आई एक युवती व युवक इसकी चपेट में आ गए. इस वजह से मॉडल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है.

मृतक मॉडल की पहचान दिव्यांश फ्लोरा, गौर सिटी-2 निवासी 24 साल की वंशिका चोपड़ा के रूप में हुई है. वहीं घायल युवक की पहचान बॉबी राज निवासी गोपाल पुरा, ग्वालियर रोड, आगरा के रूप में हुई है. पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. साथ ही उसके परिजनों को सूचना दे दी है. वहीं, फैशन शो के आयोजनकर्ता और लाइटिंग ट्रस लगाने वालों से पूछताछ कर रही है.

इस मामले में एडीसीपी नोएडा शक्ति अवस्थी ने बताया कि फिल्म सिटी के स्टूडियो में फैशन शो के दौरान ट्रस गिरने से एक वंशिका चोपड़ा की मौत हो गई. शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. आगे की कार्रवाई की जा रही है.

Uttarpradesh

# लोनी में टेंट की दुकान और मकान में लगी भीषण आग, दो महिलाओं की मौत,

**गाजियाबाद, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में बड़ा घटना हुई। सोमवार तड़के लोनी में एक टेंट की दुकान में आग लग गई। देखते ही देखते आग दुकान के ऊपर बने मकान में पहुंच गई। मकान में मौजूद कुछ लोगों ने छत से कूदकर जान बचाई। जबकि दो महिलाओं की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, लोनी के बॉर्डर थाना क्षेत्र के लालबाग सी ब्लॉक में एक टेंट हाउस में आग लग गई। आग टेंट हाउस के ऊपर बने तीन मंजिल मकान में भी पहुंच गई। आग में झुलसने से बुजुर्ग समेत दो महिलाओं की मौत हो गई। दमकल विभाग ने एक घंटे में 4 गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया। परिवार के 9 सदस्यों ने पड़ोसियों की छत से कूद कर अपनी जान बचाई।

आग बुझाने के दौरान दमकल विभाग का एक कर्मचारी झुलस हुआ। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, लाल बाग कॉलोनी में सतीश पाल परिवार के साथ रहते हैं।

# शादी के दिन तैयार होने ब्यूटी पार्लर गया दूल्हा, सड़क पार करते वक्त हुई मौत

**प्रयागराज, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में दो घरों की खुशियां उस समय मातम में तब्दील हो गईं जब होने वाले दूल्हे की शादी के दिन ही सड़क हादसे में मौत हो गई. घटना घूरपुर इलाके की है. यहां रहने वाले कमलेश निषाद की 11 जून को शादी थी. बारात की तैयारियां कर ली गई थीं. दूल्हा जैसे ही ब्यूटी पार्लर में तैयार होने के लिए गया, तो उसका एक्सीडेंट हो गया.

हादसे में कमलेश की मौत हो गई. पुलिस को तुरंत घटना की सूचना दी गई. मौके पर पहुंची पुलिस ने कमलेश के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है. उधर घर वालों को कमलेश की मौत की सूचना मिली तो वहां मातम पसर गया. सभी का रो-रोकर बुरा हाल है.

वहीं, कमलेश के होने वाली दुल्हन भी सदमे में है. वह तो मेहंदी लगाए अपने दूल्हे के आने का इंतजार कर रही थी. लेकिन उसे क्या पता था कि बारात आने से पहले ही दूल्हे की मौत की खबर आ जाएगी.

खेल

Women's Junior Asia Cup

# हॉकी में बेटियों ने रचा इतिहास, भारत पहली बार जूनियर एशिया कप जीता, कोरिया को हराया

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारत की जूनियर महिला हॉकी टीम ने चार बार की चैंपियन दक्षिण कोरिया को 2-1 से हराकर इतिहास रच दिया है। भारत ने जूनियर महिला एशिया कप का खिताब पहली बार जीता है। इससे पहले महिला जूनियर एशिया कप में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2012 में था जब टीम बैंकॉक में पहली बार फाइनल में पहुंची थी, लेकिन चीन से 2-5 से हार गई थी।

## प्रधानमंत्री ने की तारीफ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीम को इस जीत पर बधाई दी है। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा, ''2023 महिला हॉकी जूनियर एशिया कप जीतने पर हमारे युवा चैंपियनों को बधाई। टीम ने अपार दृढ़ता, प्रतिभा और टीम वर्क दिखाया है। उन्होंने हमारे देश को बहुत गौरवान्वित किया है। उनके आगे के प्रयासों के लिए उन्हें शुभकामनाएं।''



## कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दी बधाई

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को भारतीय महिला जूनियर हॉकी टीम को एशिया कप 2023 चैम्पियन बनने पर बधाई दी और कहा कि हमें इस शानदार उपलब्धि पर बहुत गर्व है। खरगे ने कहा, 'भारत इतिहास बनाता है! हमारी महिला जूनियर हॉकी टीम को पहली बार एशिया कप खिताब जीतने के लिए बहुत-बहुत बधाई। हमें इस शानदार उपलब्धि पर बहुत गर्व है।'' उन्होंने कहा, ''मैं सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।'' कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने इस जीत को शानदार और ऐतिहासिक बताया। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, ''भारतीय महिला हॉकी टीम ने पहली बार जूनियर एशिया कप जीतकर इतिहास रचा है। पूरी टीम को बहुत-बहुत बधाई। देश को आप सभी पर बहुत गर्व है।''

## अनु ने किया मैच का पहला गोल

पहला क्वार्टर गोल रहित बराबर रहने के बाद भारत ने 22वें मिनट में पेनाल्टी कॉर्नर पर अनु के गोल की बदौलत बढ़त बनाई। जापान के खिलाफ सेमीफाइनल की निराशा को पीछे छोड़ते हुए अनु ने गोलकीपर के बाईं ओर से गोल दागते हुए भारत को 1-0 से आगे किया। दक्षिण कोरिया ने हालांकि तीन मिनट बाद पार्क सियो यिओन के गोल की बदौलत स्कोर 1-1 कर दिया। नीलम ने 41वें मिनट में दक्षिण कोरिया की गोलकीपर के दाईं ओर से गोल दागकर भारत को 2-1 से आगे कर दिया जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ।

भारतीय टीम की रक्षक पंक्ति ने तीसरे क्वार्टर में बढ़त कायम रखने में मदद की। इसके बाद अंतिम क्वार्टर में दक्षिण कोरिया ने पेनाल्टी कॉर्नर तो काफी अर्जित किए लेकिन उन्हें भुना नहीं सकी। इस टूर्नामेंट का आयोजन 2021 में ही होना था लेकिन कोरोना की वजह से दो साल की देरी से खेला गया।

सिनेमा

# 'आदिपुरुष' पर विवादों का नहीं दिख रहा असर, एडवांस बुकिंग खुलते ही जोरदार बिक्री



प्रभास, कृति सेनन और सैफ अली खान स्टारर फिल्म 'आदिपुरुष' पर एक विवाद खत्म होता है तो दूसरा शुरू जाता है। फिल्म के ट्रेलर को टीजर की अपेक्षा अच्छा रिस्पॉन्स मिला। इसके गानों को भी पसंद किया गया। अब फिल्म की टीम की निगाहें ओपनिंग डे के कलेक्शन पर लगी हुई हैं। 'आदिपुरुष' हिंदी वर्जन की एडवांस बुकिंग शनिवार की रात को खोल दी गई। शुरुआती रुझानों में फिल्म को लेकर अच्छी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है।

निर्देशक ओम राउत की फिल्म ने रविवार शाम 6 बजे तक देश के 3 राष्ट्रीय चेन में करीब 18 हजार टिकटों की बिक्री की। ये आंकड़े पीवीआर आईनॉक्स और सिनेपोलिस के हैं। पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक, पीवीआर के 8800 टिकट, आईनॉक्स के 6100 टिकट और सिनेपोलिस के 3500 टिकट बिके हैं। अनुमान है कि आधी रात तक फिल्म के 23 से 25 हजार तक टिकट बिके होंगे। कई सेलेब्स की ओर से यह बताया गया कि वो भारी संख्या में फिल्म के टिकट खरीदेंगे लेकिन अभी तक यह जानकारी नहीं आ पाई है किस सेलिब्रिटी ने बुकिंग की है। वीकेंड पर तीनों चेन में 35 हजार टिकट खरीदे गए हैं। फिल्म के पास अभी भी 4 दिन का लंबा वक्त है। ऐसे में एडवांस बुकिंग के आंकड़ों में भी उछाल आएगा।

# चाकू मारकर युवक को लूटा, युवती का पर्स छीना

## अलग-अलग थाना क्षेत्रों में फिर हुई लूट की वारदात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में फिर दो स्थानों पर लूट की वारदात हो गई। बदमाशों ने एक युवक को चाकू मारा और 5 हजार रुपए लूट कर भाग गए। दूसरी घटना में अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने युवती का पर्स झपट लिया और फरार हो गए।**

पहली वारदात में पुलिस के मुताबिक युवक के साथ लूट की वारदात थाना द्वारकापुरी इलाके में कल दोपहर को हुई। फरियादी अमजद पिता सलीम खान (35) निवासी पत्थर मुंडला (तेजाजी नगर) की रिपोर्ट पर अज्ञात दो बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि कल दोपहर करीब 2 बजे वह नर्मदा चौराहा पर एक पान ठेले पर पान मसाला लेने के लिए रुका था। उसी समय पास खड़े अज्ञात दो युवकों में से एक उसके पास आया और पैर में चाकू घोंप दिया। उसे धमकाया और रुपए मांगे। इस घटना से वह घबरा गया। आरोपी ने उसकी जेब में रखे 5 हजार रुपए निकलवाए और रुपए लेकर बाइक पर सवार होकर भाग गए। चाकू लगने से उसके पैर में खून निकलने लगा।

आरोपियों के भागने पर उसने शोर मचाया तो आसपास के लोग एकत्र हुए। घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची, लेकिन बदमाशों की सुराग नहीं मिला।

इसी प्रकार युवती का पर्स लूट लेने की वारदात कल शाम थाना एमआइजी इलाके में हुई। फरियादी श्वेता पति आकाश जायसवाल निवासी श्रीनगर मेन (आनंद बाजार) ने पुलिस को बताया कि श्रीनगर मेन में गांधी प्रोविजन के पास अज्ञात दो आरोपी बाइक पर पहुंचे और उसके हाथ से पर्स छीनकर भाग गए। पर्स में मोबाइल और कुछ रुपए भी रखे थे। आसपास के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर फरार बदमाशों की तलाश की जा रही है।

# बकरे-बकरियों को तेंदुए ने बनाया निशाना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। समीपस्थ महू तहसील में लगातार वन्यजीवों का मूवमेंट जारी है। पिछले कई दिनों से वन्यजीव ग्रामीण क्षेत्रों की ओर बढ़ रहे हैं। इतना ही नहीं ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर वन्य जीव शिकार भी कर रहे हैं। ताजा मामला रविवार का है, यहां शहर के समीप आने वाले ग्राम गांगलिया खेड़ी में तेंदुए ने बकरा और बकरी का शिकार किया है, जिसमें 11 बकरे बकरियों की मौत हुई है।**

मामले की जानकारी लगते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और वेटरनरी कॉलेज से डॉक्टर को बुला कर पंचनामा बनाया। ग्राम गांगलिया खेड़ी में अर्जुन राठौर का बाड़ा है, बाड़े में अर्जुन के बकरा बकरी रहते हैं। शनिवार रात को अर्जुन बकरा बकरियों को बाड़े में छोड़ कर गया था। रविवार को वह बाड़े में पहुंचा तो देखा उसके 2 बकरे और 7 बकरियां मरी पड़ी हैं और 2 बकरी के बच्चे नहीं हैं। बताया जा रहा है कि बकरी के दोनों बच्चों को तेंदुआ ले गया। गांव में मामले की जानकारी लगते हैं ही मौके बड़ी संख्या में भीड़ लग गई। इस दौरान मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम मामले की जांच कर रही है। वहीं मौके पर तेंदुए के पग मार्क के निशान भी देख रहे हैं।

## नवविवाहिता की हत्या का मामला ...

# हत्या से पहले आरोपी ने सैन्य कर्मी बनकर करवाई थी खुखरी में धार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। महू के समीप धार नाका में पति ने अपनी ही पत्नी की खुखरी से हत्या कर दी थी पति ने 10 से अधिक बार पत्नी के गले और अन्य जगह किए थे। इधर पुलिस पूछताछ में आरोपी विक्रम ने खुखरी पर धार करवाने की बात पुलिस के सामने कबूली थी।**

आरोपी ने बताया था कि अंजलि की हत्या के पहले उसने धान मंडी में स्थित एक धार करने वाले की दुकान पर जा कर खुखरी पर धार करवाई थी। आरोपी विक्रम अपने घर के मंदिर से खुखरी धार करवाने ले गया था उसके बाद आरोपी ने घटना को अंजाम दिया। धार करने वाले मुकेश कुमार मोयल ने बताया कि हम आर्मी वाले का काम करते हैं। आर्मी के लोगों की ड्रेस और उनकी बातों से दिख जाते हैं कि वह आर्मी वाले हैं। 6 से 7 दिन पहले एक व्यक्ति हमारी दुकान पर आया था, उसने बैग में से खुखरी निकाली और बोलने लगा इस पर धार कर दो। शक होने पर मेने उससे पूछा कि यह कहा से लाए हम धार नही कर सकते हम केवल आर्मी वालों का काम करते हैं। वह व्यक्ति बोलने लगा में आर्मी से ही हूं जल्दी से इस पर धार करके दे दो, लेकिन हमें भी क्या मालूम था कि वह किसी की हत्या करने वाला है। इधर मामले में कोतवाली पुलिस ने भी धार करने वाले मुकेश से पूछताछ की है। मुकेश के भी बयान दर्ज किए हैं।

# पिस्टल के साथ पकड़ाया बदमाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** तेजाजी नगर पुलिस ने एक बदमाश को पिस्टल के साथ पकड़ा है। वह क्षेत्र में वारदात की नीयत से घूम रहा था। तेजाजी नगर थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक मनीष बाथम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि लिंबोदी गेट खंडवा रोड पर एक बदमाश हथियार लेकर घूम रहा है। किसी वारदात की फिराक में है। तुरंत ही मुखबिर के बताए हुलिए के आधार पर एक युवक की पुलिस ने घेराबंदी कर उसकी तलाशी ली तो उसके पास देसी पिस्टल मिली। बदमाश का नाम सिद्धार्थ उर्फ अभय यादव निवासी गणेश नगर भंवरकुआ है, उससे पूछताछ जारी है।

# सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दिए बाइक चोर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** नंदानगर इलाके में वाहन चोरों की टोली रात के अंधेरे में गाडियां चुराने के लिए पहुंची। बदमाश एक व्यक्ति की गाड़ी चुरा ले गए। सीसीटीवी फुटेज में 6 चोर दिखाई दिए हैं। चोरी की घटना के बाद जब थाने पहुंचा तो पुलिस ने उसे लौटते हुए कहा कि पहले दो दिन तलाश कर लो शायद गाड़ी कहीं मिल जाए।

जानकारी के अनुसार वाहन चोरी की वारदात नंदानगर इलाके में हुई। करीब आधा दर्जन वाहन चोरी को अंजाम देते हुए सीसीटीवी में नजर आए हैं। आरोपी हथियार से भी लैस दिखाई दिए हैं। चोरों की गैंग फरियादी राजकुमार रघुवंशी निवासी नंदानगर मेन रोड की बाइक एमपी 09 एक्स एल 0473 चुरा ले गए। जहां बाइक खड़ी थी वहां सीसीटीवी कैमरे लगे थे। जब कैमरे के फुटेज देखे तो वारदात करते 6 आरोपी दिखे ये बदमाश दो बाइक पर सवार होकर देर रात पहुंचे थे। आरोपियों ने घर के पास खड़ी मोटर साइकिलों के लाक तोडना शुरू किए एक बाइक का लाक तोड़कर उसे ले भागे जबकि दूसरी गाड़ी को छोड़ गए। रहवासियों ने शंका जताई है कि आरोपी जिन दो बाइक पर सवार होकर आए थे वह भी चोरी की हो सकती है। गाडी मालिक राजकुमार सीसीटीवी के फुटेज लेकर थाने पहुंचे थे। सामान्य तौर पर पुलिस वाहन चोरी में तत्काल रिपोर्ट दर्ज करने से कतराती है क्योंकि कई बार वाहन मिल जाते हैं इस घटना में भी आरोप है कि पुलिस ने शिकायत दर्ज नहीं की और उन्हें यह कहकर रवाना कर दिया गया कि पहले दो दिन वाहन तलाश लो उसके बाद रिपोर्ट दर्ज कर ली जाएगी।

# सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

## बाइक पर सवार होकर जा रहे थे दोनों

इंदौर। द्वारकापुरी इलाके में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। उन्हें देर रात अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी थी। टक्कर मारकर वाहन चालक फरार हो गया। हादसे में घायल दोनों बाइक सवारों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक हादसा बीती रात थाना क्षेत्र में हुआ। सूचना मिली थी कि बाइक सवार दो युवक सड़क हादसे का शिकार हुए हैं। इस पर पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एक मृतक का नाम राकेश सामने आया है। जबकि दूसरे के बारे में पता लगाने की कोशिश की जा रही है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। वहीं मामले में मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

# भाजपा की महिला कार्यकर्ता पर हमला करने वाले आरोपियों ने किया सरेंडर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। खजराना थाना क्षेत्र में गत दिनों भाजपा की महिला कार्यकर्ता पर कुछ बदमाशों द्वारा चेहरे पर धारदार हथियार से हमला कर उसे बुरी तरह घायल कर दिया था। घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस द्वारा आरोपी के मकान तोड़े जाने की बात सामने आई थी। पुलिस कार्रवाई के डर से दोनों आरोपी कपिल यादव और उज्जवल यादव द्वारा जिला न्यायालय के समक्ष सरेंडर कर दिया।**

पुलिस के अनुसार कुछ दिन पूर्व खजराना थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला कार्यकर्ता पर बदमाशों द्वारा चेहरे पर ब्लेड से हमला किया गया था। घटना के बाद पुलिस द्वारा लगातार आरोपियों की तलाश की जा रही थी वहीं पुलिस को यह सूचना मिली कि दोनों आरोपियों ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। इस पर पुलिस द्वारा कोर्ट से आरोपियों को अरेस्ट कर उनकी पुलिस रिमांड ली गई। बिजली विभाग रामकृष्णबाग इलाके में बिजली की लाइन डालने का काम कर हा था जहासं पर भाजपा नेत्री सुनिता इस काम का निरीक्षण कर रही थी इसी दौरान उनका उज्जवल से विवाद हो गया था जिसका बदला लेने के लिए उसे अपने दोनों भाई के साथ मिलकर भाजपा नेत्री पर हमला किया था। हमले के बाद से आरोपी फरार थे, जिनकी पुलिस तलाश कर रही थी।

DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्रा ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।